



# जिलेवासियों को करोड़ों की सौगात देंगे मुख्यमंत्री

## मक्सी में कल होगा विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

**शाजापुर, 12 नवंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 14 नवंबर को शाजापुर जिले के मक्सी में दशहरा मैदान पर आयोजित कार्यक्रम में शाजापुर विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रूपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे. सीएम के दौरे को देखते हुए विगत तीन दिनों से लगातार जनप्रतिनिधि एवं जिला अधिकारी आयोजन स्थल का निरीक्षण कर रहे हैं. जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री 8 हजार करोड़ के निवेश का शुभारंभ करेंगे, जिससे क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे.**

गौरतलब है कि प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को मक्सी आएंगे. जहां वे इंडस्ट्रियल एरिया फेज-2 में आयोजित होने वाले कार्यकम में शामिल होंगे. इस दौरान वे 8 हजार करोड़ रूपए निवेश कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे. इसके अलावा करोड़ों रुपए की अन्य सौगात भी देंगे, जिससे मक्सी के साथ-साथ जिलेवासियों को भी इसका फायदा होगा और रोजगार के अवसर मिलेंगे. जानकारी के अनुसार सीएम डॉ. यादव शुक्रवार दोपहर 1 बजे मक्सी के दशहरा मैदान पहुंचेंगे. जहां वे विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे. इसके साथ ही वे जैक्सन औद्योगिक प्लांट के 8 हजार करोड़ के निवेश कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे. सीएम द्वारा 273 करोड़ 45 लाख के मक्सी-उज्जैन फोरलेन मार्ग, मक्सी नगर में 33 करोड़ 71 लाख से बनने वाले फोरलेन रोड, सरदार वल्लभभाई पटेल सीएम राइज विद्यालय के 5162.92 लाख रुपए के नवीन भवन का भी लोकार्पण करने के साथ ही विभिन्न उद्योग, शिक्षा एवं आधारभूत संरचना परियोजनाओं का भूमिपूजन एवं शुभारंभ करेंगे, जिससे जिलेवासियों के लिए भी रोजगार के अवसर मिलेंगे.





### कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया

बुधवार को ही कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने भी सभा स्थल, हेलीपेड, भूमिपूजन स्थल का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने रेस्ट हाउस मक्सी में अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यक्रम की समस्त तैयारियों एवं साफ-सफाई, पेयजल आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए. इस दौरान अपर कलेक्टर बीएस सोलंकी, जिला सीईओ श्रीमती अनुपमा चौहान, अनुविभागीय अधिकारी सुश्री मनीषा वास्कले, अनुविभागीय अधिकारी गुलाना आलोक वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री नेहा गंगारे, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अंकिता पाटकर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे.

### विधायक ने की जिलेवासियों से अपील

शुक्रवार को सीएम के आगमन पर होने वाले आयोजन को लेकर शाजापुर विधायक अरुण भीमावद ने भी जिलेवासियों से अपील की है. विधायक भीमावद ने बताया कि सीएम डॉ. मोहन यादव द्वारा मक्सी नगर में विशाल आमसभा को संबोधित करने के साथ ही विकास के नए अध्याय का शुभारंभ करेंगे. इसलिए हम सभी का दायित्व है कि इस ऐतिहासिक पल के हम भी साक्षी बनें और आयोजन को सफल बनाएं.

### मंत्री ने लिया तैयारियों का जायजा...

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मक्सी भ्रमण कार्यक्रम को देखते हुए कौशल विकास एवं रोजगार विभाग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार तथा प्रभारी मंत्री उज्जैन गौतम टेटवाल द्वारा बुधवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. निरीक्षण अवसर पर डॉ. रवि पाण्डे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे.

### ऐसी रहेगी यातायात डायवर्शन और पार्किंग व्यवस्था

मक्सी, 14 नवंबर को दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक कार्यक्रम स्थल के आसपास मुख्य मार्गों पर यातायात पुलिस शाजापुर द्वारा नो व्हीकल झोन, यातायात डायवर्शन एव पार्किंग प्लान तैयार किया गया है. जिसके अनुसार मक्सी शहर में इंदौर, उज्जैन एवं देवास की ओर से आने वाले यात्री एवं सामान्य वाहन चालक एनएच 3 हाईवे का उपयोग कर अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे. मक्सी शहर में शाजापुर, राजगढ़ से आने वाले यात्री एवं सामान्य वाहन चालक एनएच-3 हाईवे का उपयोग कर अपने गंतव्य की ओर जा संकेंगे. मक्सी शहर में झोकर, सिरोलिया से आने वाले दो पहिया एवं सामान्य वाहन पार्किंग स्थल पर अपने वाहन खड़े करें. वहीं पार्किंग व्यवस्था हैलीपेड कारकेड पार्किंग, श्रीनाथजी सीमेंट पाइप वीआईपी पार्किंग, कलाली के पास पुराना मछली मार्केट बस पार्किंग, बस स्टैंड चार पहिया वाहन पार्किंग, निर्माणाधीन ब्रिज दो पहिया पार्किंग, झोंकर रोड टीवीएस शोरूम के पास पार्किंग. और बस स्टैंड मक्सी. नगरपति हनुमान मंदिर, गणपत लोधी बड़े गेट, पटेल मार्केट, नई आबादी से लेकर कनासिया जोड़ बायपास तक के क्षेत्र को पैदल यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है.

## एक नजर में

### रेलवे पटरी पर मिला युवक का शव

शुजालपुर, 12 नवंबर. रेलवे स्टेशन शुजालपुर के पहले मोहम्मदखेड़ा के समीप बुधवार की सुबह रेलवे पटरी पर एक युवक का शव मिला, जिसकी पहचान मोबाईल के माध्यम से झारखंड निवासी के रूप में हुई. पुलिस ने मृतक के शव को सिविल अस्पताल में रखा है और परिजनों का इंतजार हो रहा है. बुधवार की सुबह रेलवे पुलिस को एक युवक का शव अकोदिया की और रेलवे पटरी के समीप होने की सूचना मिली, जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची, मृतक की मौके पर शिनाख्त नहीं हो सकी. मृतक के पास से एक मोबाईल पुलिस को मिला जो कि डिस्चार्ज था, पुलिस ने अज्ञात के रूप में पंचनामा कार्यवाही करते हुए शव को सिविल अस्पताल शुजालपुर पहुंचाया. मृतक के पास से मिले मोबाईल को चालू किया तो उस पर आए फोन से जानकारी मिली कि मृतक दिलीप पिता बसंत 28 वर्ष निवासी गडवाल झारखण्ड का होकर अहमदाबाद से झारखंड जा रहा था. ट्रेन से गिरने के कारण उसकी मौत हुई है, पुलिस द्वारा इस मामले में जांच की जा रही है और परिजनों को सूचना मिल चुकी है और वे शुजालपुर के लिए रवाना हो गए. मृतक के साथ उसके दो दोस्त भी ट्रेन में होने की जानकारी मिली है जो कि मृतक की तबियत खराब होने से उसे अहमदाबाद से झारखंड छोड़ने के लिए जा रहे थे.

### निर्माण कार्यों में सुरक्षा मापदंडों का ध्यान रखा जाए



शुजालपुर, 12 नवंबर. लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव सुखबीर सिंह एमडी बीडीसी सीबी चक्रवर्ती एवं कलेक्टर शाजापुर ऋ जु बाफना ने बुधवार को शुजालपुर के निर्माणाधीन विश्राम गृह, विधि महाविद्यालय, सिविल अस्पताल शुजालपुर एवं अकोदिया के निर्माणाधीन अस्पताल भवन का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव सिंह ने निर्धारित समयावधि में निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए. साथ ही उन्होंने किए जा रहे निर्माण कार्यों में सुरक्षा मापदण्डों का ध्यान रखने के लिए कहा. इस दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य संबंधी दिशा-निर्देश भी दिए गए. इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी शुजालपुर राजकुमार हलदर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे.

### हरिओम जोहर का चयन राष्ट्रीय साहसिक शिविर में हुआ



शुजालपुर, 12 नवंबर. भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना का राष्ट्रीय साहसिक शिविर हिमाचल प्रदेश के पोंगडेम में 12 से 21 नवंबर तक आयोजित हो रहा है. जिसमें सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय शुजालपुर में एलएलबी द्वितीय वर्ष के छात्र हरि ओम जौहर राष्ट्रीय साहसिक शिविर एडवेंचर कैंप में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे. साहसिक शिविर में विशेष रूप से पोंगडेम के विशाल जलाशय में वॉटर एक्टिविटी के साथ ठंडे और ऊंचे पहाड़ों पर रॉक क्लाइंबिंग, माउंटेन वॉकिंग, ट्रेकिंग, रैपलिंग आदि दस दिवस साहसिक गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे. महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. देवेंद्र कुंभकार ने जानकारी देते हुए बताया कि हरि ओम जौहर शुरू से ही सक्रिय स्वयंसेवक रहते हुए पूर्व गणतंत्र दिवस परेड राष्ट्रीय शिविर उ.प्र, मेरा देश. मेरी माटी राष्ट्रीय शिविर दिल्ली, अन्तर्राष्ट्रीय बॉर्डर अनुभव यात्रा बाघा बॉर्डर पंजाब, राज्य स्तर युथ महापंचायत, युवा संसद आदि विशेष शिविरों के साथ विक्रम प्रतिभा जैसे सम्मान भी प्राप्त कर चुके है. हरि ओम जौहर का राष्ट्रीय साहसिक शिविर में चयन होने पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा, आईक्यू एस सी समन्वयक प्रो. बी के त्यागी, विधि विभागाध्यक्ष प्रो. गुप्ता और रासेयो कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र कुंभकार, प्रीतम परमार, डॉ. गुलाब मेवाड़ा एवं सभी साथियों ने हर्ष जताते हुए शुभकामनाएं दी.

### अब तक 677 किसानों ने बेची 10451 क्विंटल सोयाबीन

मोहन बड़ोदिया, 12 नवंबर. मोहन बड़ोदिया कृषि उपज मंडी में बुधवार को सोयाबीन के भाव में तेजी देखी गई. सोयाबीन अधिकतम 4529 रुपए प्रति क्विंटल तक बिका. वहीं गेहूं 2326 और मसूर 6652 रुपए प्रति क्विंटल तक बिका. मोहन बड़ोदिया कृषि उपज मंडी के सचिव ने बताया कि मोहन बड़ोदिया कृषि उपज मंडी में 24 अक्टूबर से दिनांक 12 नवंबर तक भावांतर योजना में कुल 677 किसानों ने अपनी 10451 क्विंटल सोयाबीन बेची, जिनमें 11 नवंबर तक की उपज का भुगतान भी किसानों के खाते में व्यापारियों द्वारा किया जा चुका है.

### सरदार वल्लभ भाई की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में होंगे आयोजन

शाजापुर, 12 नवंबर. सरदार वल्लभ भाई की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में पुलिस स्टेशन स्तर से जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विविध गतिविधिया / कार्यक्रम आयोजित किए जाने के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश प्राप्त हुए हैं. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने इस संबंध में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को पुलिस स्टेशन स्तर से जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विविध गतिविधियां / कार्यक्रम का माहवार विवरण निर्देश अनुसार जिला स्तरीय कार्यक्रम के संबंध में निर्देश दिए हैं. नवंबर 25 से फरवरी 26 की अवधि के दौरान ब्लॉक / जिला स्तर पर आयोजित की जाने वाली गतिविधियां/कार्यक्रम के आयोजन के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारी जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अनुभाग स्तर पर संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारियों राजस्व को नोडल अधिकारी बनाया गया है.

### 344 बोरी बंधान बनवाए, 98 स्टॉप डेमो के गेट लगाए

शाजापुर, 12 नवंबर. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायतों में वर्षा के जल संचय के लिए चलाए जा रहे अभियान में 12 नवम्बर तक जिले में 344 बोरी बंधान बनवाकर, 98 स्टॉप डेमो के गेट लगाने का कार्य संपन्न हुआ है. प्राप्त जानकारी के अनुसार कालापीपल जनपद पंचायत में 91 बोरी बंधान बनवाकर, 24 स्टापडेमो के गेट लगाए गए. इसी प्रकार मो. बड़ोदिया जनपद पंचायत में 99 बोरी बंधान बनवाकर, 32 स्टापडेमो के गेट लगाए गए. शाजापुर जनपद पंचायत में 87 बोरी बंधान बनवाकर, 22 स्टापडेमो के गेट लगाए गए तथा शुजालपुर जनपद पंचायत में 67 बोरी बंधान बनवाकर, 20 स्टापडेमो के गेट लगाए गए हैं.

### कालापीपल एवं शुजालपुर के मतदान केन्द्रों पर बीएलओ के कार्यों का निरीक्षण

शाजापुर, 12 नवंबर. शुजालपुर तहसीलदार राकेश खजुरिया द्वारा बुधवार को शाजापुर जिले की विधानसभा 169 कालापीपल के मतदान केन्द्र क्रमांक 139 अमलाय, 145 डाबरी, 146 डुंगलाय, 147 डुंगलायए, 48 मगरानिया एवं विधानसभा शुजालपुर के मतदान केन्द्र क्रमांक 259 जेठडा में मतदान केन्द्रो का निरीक्षण कर बीएलओ के कार्य की समीक्षा की गई. इस दौरान बीएलओ द्वारा मतदान केन्द्रो पर वितरित किए जा रहे गणना पत्रक की जानकारी ली गई एवं बीएलओ के माध्यम से बीएलओ एप पर दर्ज गणना पत्रक के बारे मे उचित मार्ग दर्शन दिया गया. निर्वाचन के तहत एसआईआर के कार्य में गति लाने एवं मतदाता को जागरूक करने के लिए गतिविधि की गई. निरीक्षण के दौरान तहसीलदार शुजालपुर राकेश खजुरिया, पंचायत सचिव श्याम सुंदर शर्मा, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर योगेश कुमार मालवीय उपस्थित थे.

### चुनाव का काम करें या कार्यालय का

**शाजापुर, 12 नवंबर.** आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने निर्वाचन संबंधी कार्यों में आ रही कठिनाइयों को लेकर शाजापुर एसडीएम मनीषा वास्कले को बुधवार को ज्ञापन सौंपा. कार्यकर्ताओं ने बताया कि उन्हें निर्वाचन आयोग ने सहायक बीएलओ के रूप में नियुक्त किया है. आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने बताय कि चुनावी कार्य में होने के कारण वे अपने आंगनवाड़ी क्षेत्र के नियमित कार्य नहीं कर पा रही हैं. उन्हें वरिष्ठ अधिकारियों से बार-बार नोटिस जारी किए जा रहे हैं. जिससे उन पर मानसिक दबाव की स्थिति बन रही है. कार्यकर्ताओं ने मांग की कि उन्हें निर्वाचन कार्य अवधि के दौरान उनके आंगनवाड़ी कार्यों से मुक्त किया जाए, ताकि वे चुनावी कार्य सुचारू रूप से कर सकें. उन्होंने यह भी कहा कि शहरी क्षेत्र में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को उनके मूल कार्यक्षेत्र से अलग क्षेत्रों में ड्यूटी दी गई है, जिससे कार्य निष्पादन में दिक्कत हो रही है. उन्होंने अनुरोध किया कि उन्हें उनके ही क्षेत्र में निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्त किया जाए. इसके अलावा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका से जनजागरूकता अभियान चलाने और जनप्रतिनिधियों से सहयोग दिलाने की मांग की, ताकि निर्वाचन कार्य सुचारू रूप से पूरा किया जा सके.

### मोटरयान, पास्को सहित अन्य अधिनियम बताए



**शुजालपुर, 12 नवंबर. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर के निर्देशानुसार 9 नवंबर से 14 नवंबर तक न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है.**

उक्त न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति तृतीय जिला न्यायाधीश शुजालपुर सपना पोते के निर्देशन में बुधवार को चितोडा गांव शुजालपुर में चतुर्थ जिला न्यायाधीश दुर्गा सोलंकी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शुजालपुर गजल पाहवा की उपस्थिति में विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. उक्त साक्षरता शिविर में उपस्थित ग्रामीणजन को दो पहिया वाहनों पर हेलमेट लगाकर चलना तथा चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट लगाने के बारे में बताते हुए मोटर यान अधिनियम, पॉस्को अधिनियम के बारे में विस्तार से बताया तथा नेशनल लोक अदालत के फायदों के बारे भी बिस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि नेशनल लोक अदालत में अपने प्रकरणों में राजीनामा करने पर कोर्ट फीस वापसी का भी प्रावधान है, नेशलन लोक अदालत में राजीनामा होने पर भाईचारे की भावना भी बरकरार रहती है. न्यायाधीश द्वारा शिविर में उपस्थित ग्रामीणजन को शासन की विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी गई. उक्त विधिक साक्षरता शिविर में न्यायाधीशगणों सहित पैनल लॉयर, अन्य अधिवक्ता, गांव के सरपंच, सचिव एवं अन्य ग्रामीणजन की उपस्थित रहे.

## महापुरुषों की 150वीं जयंती पर रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन



**शाजापुर, 12 नवंबर.प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती व धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वी जयंती के समापन वर्ष के तारतम्य में रंगोली, मेहंदी एव्यक्तिगत व सामूहिक खेल प्रतियोगिता आयोजित हुई.**

रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता की थीम थी जनजातीय कला और राष्ट्रीय एकता, जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर सहभागिता की व सुंदर, मनमोहक रंगोली और मेहंदी बनाई. खेल प्रतियोगिता जिसमें व्यक्तिगत एवं सामूहिक खेल जिसमें गोला फेंक, जेवलिन थ्रो, दौड़, रस्साकसी में विद्यार्थियों के साथ महाविद्यालय के प्राध्यापकों व स्टाफ सदस्यों ने भी सहभागिता की. इन कार्यक्रमों के संयोजक प्रो. प्रकाश बर्फा व डॉ. श्वेता चौहान ने बताया कि साहित्यिक व रूपांकन गतिविधियों के साथ खेल प्रतियोगिता भी आयोजित हो रही है. यह उच्च शिक्षा विभाग व जिला प्रशासन की अभिनव पहल है जो शरीर, स्वास्थ्य व मन की शांति के लिए अति लाभकारी है. प्रतियोगिताओं का आयोजन डॉ.दिनेश निंगवाल, प्रो. अरविंद शर्मा, डॉ.रानी सोनी, डॉ.गजराज सिंह राठौर, डॉ. सीता बौरासी, प्रो.पूजा राठौर के संयोजन व प्राचार्य प्रो.मीनू गिडवानी के संरक्षण में हुआ.

**निर्माणाधीन कार्यों का किया निरीक्षण-शाजापुर,** लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव सुखबीर सिंह, एमडी बीडीसी सीबी चक्रवर्ती एवं कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने बुधवार को शुजालपुर के निर्माणाधीन विश्राम गृह, विधि कॉलेज सिविल अस्पताल शुजालपुर एवं अकोदिया के निर्माणाधीन अस्पताल भवन का निरीक्षण किया. प्रमुख सचिव सिंह ने निर्धारित समयावधि में निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्तापूर्व करने के निर्देश दिए. उन्होंने निर्माण कार्यों में सुरक्षा मापदण्डों का ध्यान रखने के लिए कहा.

### विद्यार्थियों को शिक्षित किया

**शाजापुर, 12 नवंबर.** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर के अध्यक्ष आनंद कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह 09 से 14 नवंबर के तहत आज महात्मा गांधी हायर सेकेंडरी विद्यालय में बाल सुरक्षा कानून, साइबर सुरक्षा एवं जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार विषय पर जागरूकता शिविर संपन्न हुआ. शिविर की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर सचिव श्रीमती नमिता बौरासी ने की. जबकि जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती शिखा शर्मा ने बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षा, साइबर बुलिंग रोकथाम, यौन शोषण से सुरक्षा और जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी. श्रीमती बौरासी ने कहा कि आज के डिजिटल युग में बच्चों के लिए इंटरनेट सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है और माता-पिता को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर निगरानी रखते हुए उन्हें सुरक्षित मार्गदर्शन करना चाहिए. बच्चों की सुरक्षा केवल स्कूल या सरकारी प्रयासों तक सीमित नहीं है, बल्कि घर में अभिभावकों की जागरूकता भी जरूरी है. बच्चों और अभिभावकों को बाल सुरक्षा कानून, साइबर बुलिंग रोकथाम, ऑनलाइन यौन शोषण से सुरक्षा और जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार के संबंध में जानकारी दी. उन्होंने कहा कि बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा माता-पिता की जागरूकता पर निर्भर करती है.

## एक नजर में

### पत्रकार सुरक्षा कानून सहित 6 सूत्रीय मांगों को लेकर मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ने सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

# हमेशा जारी रहेगी पत्रकारों के हितों की लड़ाई : जैन

**शाजापुर, 12 नवंबर. मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देश पर संगठन द्वारा पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किए जाने सहित अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर मंगलवार को जिला मुख्यालय शाजापुर पर वाहन रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा. इस अवसर पर जिले के पत्रकारों को संबोधित करते हुए संघ के उज्जैन संभागीय अध्यक्ष मनोज जैन ने कहा कि मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ही प्रदेश का एकमात्र ऐसा संगठन हैं जो सक्रियता के साथ समय-समय पर शासन.प्रशासन के सामने पत्रकार हितों की आवाज बुलंद करता है. संगठन के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया के नेतृत्व में पत्रकार हितों की हमारी ये लड़ाई हमेशा जारी रहेगी.**



मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक सक्सेना चिंटू ने कहा प्रदेश में चाहे किसी भी दल की सरकार रही हो, हमारे संगठन ने बेबाकी के साथ पत्रकार हितों की आवाज को पूरी ताकत के साथ उठाया है. इसी का परिणाम है कि आज प्रदेश में मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ पत्रकारों का सबसे बड़ा और विश्वसनीय संगठन है. संघ के उज्जैन संभागीय उपाध्यक्ष किशोर खन्ना ने कहा कि शाजापुर जिले में हमारा संगठन बहुत मजबूत स्थिति में है. शासन-प्रशासन ने जब भी जिले के किसी भी पत्रकार पर दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई की संघ के सभी सदस्यों ने उसका पुरजोर तरीके से विरोध किया है. जिला महासचिव राजा राठौर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने गत मार्च माह में संघ के मुरैना महा अधिवेशन में 6 सूत्रीय मांगों के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक उचित कार्रवाई नहीं की गई. इसी कारण हमें रैली निकालकर ज्ञापन सौंपने के लिए मजबूर होना पड़ा है. वरिष्ठ पत्रकार हरविंदर सिंह पाहुजा ने कहा कि मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ सभी पत्रकारों के अधिकारों की लड़ाई के लिए हमेशा तत्पर रहता है. इसी कारण पूरे प्रदेश के गांव-गांव तक संगठन के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद है.

इसके पूर्व जिले के पत्रकार बस स्टैंड ट्रैफिक पाईंट पर एकत्रित हुए और वाहन रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे. जहां मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नाम संबोधित 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा. कलेक्टर कार्यालय परिसर में भी पत्रकारों ने जमकर नारेबाजी की.ज्ञापन का वाचन वरिष्ठ पत्रकार शिवपाल सिंह ने किया. इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार मनोज पुरोहित, राजेश नागर, अनिल मुकाती, मोहित व्यास, सुनील हंचोरिया, उमेश टेलर, आदित्य शर्मा, राधेश्याम सोनी, मनीष पटेल, शहजाद खान, इमरान अंसारी, अमरसिंह मेवाड़ा, मोहित राठौर, आनंद मेवाड़ा, ओमप्रकाश प्रजापति, अजय सिंह कुशवाह, सलीम खान, दीपक अग्रवाल, दीपक सक्सेना, निर्मल गोस्वामी, शाजापुर ब्लॉक अध्यक्ष एवं रैली प्रभारी हेमंत आर्य, प्रशांत मिश्रा, सलीम शेख, लखन राणा, अनिल शर्मा, मुकेश शर्मा, देवेंद्र बिसानी, मनोज यादव, राधेश्याम देवड़ा, मोहित भावसार, नमन परमार, धर्मेंद्र परमार, संजय गोस्वामी, शेख अजहरुद्दीन, मुस्तफा अली, अनुराग श्रीवास्तव, अमित शर्मा, संतोष राजपूत, सचिव किशोर सिंह राजपूत, संजय सक्सेना, संयुक्त सचिव रवि सांकलिया, भरत चतुर्वेदी, संजय राठौर, बंटी व्यास, जितेंद्र भावसार, आकाश पांचाल, संदीप गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य इरफान मंसूरी, अजय वर्मा, महेंद्र आचार्य, अनीस खान, अवनिश त्रिवेदी, दीपक त्रिवेदी, तेजकरण चौहान, दिलीप नागर, प्रेमसिंह साहू, सुनील गोयन, हुकुम कुशवाह, जीवन सिंह गुर्जर, रामबाबू शर्मा, मुकेश शर्मा, रामेश्वर राठौर, वसीम खान, सूर्या परमार, सोनू मीणा सहित बड़ी संख्या में शाजापुर जिले के पत्रकार उपस्थित थे.

### मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की 6 सूत्रीय मांग

मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की 6 सूत्रीय मांगों में प्रमुख रूप से पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाए, भोपाल स्थित मालवीय नगर में पत्रकार भवन की भूमि पत्रकारों के कार्यालय हेतु वापस सौंपी जाए, पत्रकार पेंशन योजना में अधिमान्यता होने की शर्त हटाई जाए और उसे आजीवन देने का नियम बनाया जाए.मध्यप्रदेश के सभी जिला मुख्यालय पर पत्रकार भवन के लिए नि:शुल्क भूमि उपलब्ध कराई जाए. राज्य के पत्रकारों को टोल टैक्स से मुक्त करने के साथ पूरे मध्यप्रदेश में श्रमजीवी पत्रकार संघ के आईडी कार्ड को मान्यता प्रदान की जाए. साथ ही पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना को नि:शुल्क कर पत्रकारों को उसका लाभ दिया जाए प्रमुख है.

### दीपावली मिलन समारोह आयोजित

इसके बाद मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ का दीपावली मिलन सम्मान समारोह एवं सहभोज का कार्यक्रम आयोजित किया गया.